[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-०१/५१२४ २०७९ विक्रमी दिनांक-०६.०५.२०२२

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

नूतन सत्राभिनंदन! कर्म पथ के पथिक सर्वदा नूतन चिंतन, आदर्श सनातन के रूप में हम सब ज्ञान के प्रकाश से संपूर्ण धरा को प्रकाशित करने का महान व्रतधारी भारत की श्रेष्ठ परंपरा को पुर्नप्रतिष्ठित करने का संकल्प लेकर अपने कर्म पथ पर विविध आपदाओं, आधि–व्याधि को पद–दलित करते हुए नवीन ऊर्जा के साथ, नवीन पथ पर अग्रसर हैं। इसके निमित्त कुछ करणीय कार्य अपेक्षित है–

**सूर्य संवेदना पुष्पे दीप्ति कारुण्य गंधने!**
**लब्ध्वा शुभं नववर्षेऽस्मिन कूर्यात्सर्वस्य मंगलम्।**

**भावार्थ–** जिस तरह सूर्य प्रकाश देता है, संवेदना करूणा को जन्म देती है, पुष्प सदैव मुस्कराता रहता है, उसी तरह आने वाला हमारा यह नूतन वर्ष आपके लिए मंगलमय हो।

**ग्रीष्म शरद हिम पावस सुन्दर।**
**ऋतुओं का यह ऋतु कुसुमाकर।।**

**भावार्थ–** गर्मी, जाड़ा, बरसात सुन्दर है उससे अधिक सुन्दर ऋतुराज वसंत है। जो ऋतुओं का भी ऋतु है।

## विषयानुक्रम

### संपन्न कार्यक्रम

1. अखिल भारतीय साधारण सभा बैठक
2. आचार्य वार्षिक कार्यशाला
3. सत्रारम्भ
4. प्रांतीय विषय प्रमुख बैठक
5. अ.भा.महामंत्री जी का प्रवास
6. क्षेत्रीय विषय प्रमुख बैठक
7. संगीत एवं वंदना अभ्यास वर्ग

### आगामी कार्यक्रम

1. प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता
2. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
3. प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता
4. ग्रीष्मावकाश गृहकार्य
5. प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग–2022

### अन्यान्य

1. आचार्य कल्याण कोष
2. बजट/अंकेक्षण
3. समिति गठन
4. स्वास्थ्य परीक्षण
5. उपदान
6. वेश
7. गतिविधि शुल्क
8. पूर्व छात्र पंजीयन
9. बाल संसद
10. शिशु भारती, बाल भारती एवं कन्या भारती का गठन
11. पाठ्यक्रम
12. दायित्व परिवर्तन

## संपन्न कार्यक्रम

**1. अखिल भारतीय साधारण सभा बैठक :** दिनांक 25 से 27 मार्च–2022 तक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कुदलुम, राँची में आयोजित हुई। जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष एवं पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। साथ ही अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान साधारण सभा में निम्न विषयों पर चर्चा की गई तथा आगामी वर्षों के लिए कार्ययोजना भी निर्धारित की गई। जो निम्न प्रकार है–

1. विद्यालय में नामांकन की वृद्धि करना 2. विद्यालय की आर्थिक संरचना को मजबूत करना 3. आर्थिक पारदर्शिता एवं सभी प्रकार के लेखा का संधारण 4. समाज प्रबोधन 5. पूर्व छात्रों का पंजीयन–सम्मान एवं सम्मेलन 6. शासन प्रशासन से हमारा संबंध मजबूत करना 7. कौशल विकास संबंधी कार्य करना 8. वाटिका शिक्षा को मजबूत बनाना। 9. 2025 में संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त कार्य विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य निर्धारित करना।

2. **वार्षिक आचार्य कार्यशाला :** नवीन सत्र में कार्य की गति को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय स्तर पर दिनांक 25 से 31 मार्च–2022 तक प्रत्येक विद्यालयों में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला आयोजित किया गया।
3. **सत्रारंभ :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 02 अप्रैल–2022 से विद्यालय स्तर पर सत्रारंभ–विद्यारंभ का संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ।
4. **प्रांतीय विषय प्रमुख बैठक :** प्रांतीय विषय प्रमुख एवं सह प्रमुखों की बैठक दिनांक 08 एवं 09 अप्रैल–2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती नगर, खगड़िया में संपन्न हुई। जिसमें विविध विषयों के 54 प्रतिभागी, 02 क्षेत्रीय अधिकारी, 02 प्रांतीय अधिकारी की उपस्थित रहें। जिसमें प्रांत द्वारा निर्धारित 32 विषयों में से 31 विषयों के प्रतिभागियों के द्वारा अपने–अपने विषयों की वार्षिक कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसका क्रियान्वयन अपेक्षित है।
5. **अ.भा.महामंत्री जी का प्रवास :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के नवीन महामंत्री श्री अवनीश भटनागर जी का प्रवास दिनांक 15 से 17 अप्रैल–2022 मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा विभाग में संपन्न हुआ। मा.महामंत्री जी का आगमन लोक शिक्षा समिति, बिहार प्रदेश कार्यालय में हुआ। मा. महामंत्री जी के साथ बैठक मुजफ्फरपुर विभाग में दिनांक 15 अप्रैल–2022 को हुई, जिसमें निम्नलिखित कार्यक्रम संपन्न हुए–
   1. प्रांत स्तर पर मुजफ्फरपुर में सी.बी.एस.ई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य के साथ बैठक संपन्न हुई।
   2. मुजफ्फरपुर विभाग के सभी विद्यालयों के पूर्व छात्रों के साथ बैठक संपन्न हुई।
   3. मुजफ्फरपुर विभाग के सभी विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रधानाचार्यों के साथ बैठक संपन्न हुई।
   4. संस्कृति बोध परियोजना के प्रांत प्रमुख, सह प्रमुख, विभाग प्रमुख, सह प्रमुख, संकुल प्रमुख, संकुल सह प्रमुख के साथ बैठक संपन्न हुई।
   5. सरस्वती विद्या मंदिर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर के छात्रावास के भैया के साथ बैठक संपन्न हुई। साथ ही, मा. महामंत्री जी का प्रवास दरभंगा विभाग में दिनांक 16 के संध्या से 17 अप्रैल के अपराह्न–2022 में विभिन्न बैठकें संपन्न हुई। जिसमें विविध विषयों से संबंधित बैठकें कान्हर कपिलदेव सरस्वती विद्या मंदिर, कैटोला, मधुबनी में संपन्न हुई। जिसमें दरभंगा विभाग के सभी विद्यालय के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्य क्ष एवं प्रधानाचार्य के उपस्थित थे। इस अवसर पर मान्यवर राष्ट्रीय महामंत्री जी का सारगर्भित उद्बोधन प्राप्त हुआ।
6. **क्षेत्रीय विषय प्रमुख बैठक :** दिनांक 23 एवं 24 अप्रैल–2022 को सरस्वती विद्या मंदिर, मिर्चा–मिर्ची, पटना में क्षेत्रीय विषय प्रमुखों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय विषय प्रमुख, सह प्रमुख, प्रांत प्रमुख, प्रांत सह प्रमुख उपस्थित हुए। इस बैठक में उत्तर बिहार प्रांत की भी सक्रिय सहभागिता हुई।

**7. संगीत एवं वंदना अभ्यास वर्ग :** यह अभ्यास वर्ग दिनांक 26 से 30 अप्रैल–2022 तक श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, कोशी कॉलोनी, फारबिसगंज में आयोजित हुई। इस वर्ग में वन्दना प्रमुख एवं संगीत आचार्यों ने भाग लिया। इस अभ्यास वर्ग में 03 प्रशिक्षक, 37 प्रशिक्षणार्थी तथा 03 प्रांतीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आगामी कार्यक्रम

**1. प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता :** प्रांत स्तरीय बाल एवं किशोर वर्ग की कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता दिनांक 15 से 17 मई, 2022 तक स्थान– सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ. हेडगेवार नगर, बरवतसेना, बेतिया में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क रुपये 600/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत गमन हो सकेगा।

**2. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक :** विभाग स्तर पर विभाग प्रमुख द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक मई माह में होगी। विभागानुसार स्थान निम्नवत है–

| विभाग का नाम | बैठक स्थल |
|---|---|
| चम्पारण विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, वाल्मीकिनगर |
| सीवान विभाग | सरस्वती विद्या मंदिर, महाराजगंज, सीवान |
| मुजफ्फरपुर विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर, बधनगरी |
| सीतामढ़ी विभाग | सरस्वती विद्या मंदिर, लक्ष्मीनगर, सीतामढ़ी |
| दरभंगा विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, मंगरौनी, मधुबनी |
| बेगुसराय विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर |
| कोसी विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, पटोरी पंचगछिया |
| पूर्णिया विभाग | सरस्वती शिशु मंदिर, जोगबनी |

आलोक– जिनको समय से पहुँचने में विलम्ब हो, वे पूर्व में सूचना देकर एक दिन पूर्व भी आ सकते हैं। भोजन एवं आवास की व्यवस्था रहेगी।

**3. प्रांतीय खेलकूद समारोह :** एथलेटिक्स, कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता (शिशु वर्ग) दिनांक 17 से 19 मई, 2022 तक शिवालय सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर, बघनगरी में आयोजित होगी। व्यवस्था शुल्क रुपये 600/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत गमन हो सकेगा। इससे संबंधित खेलकूद पत्रक प्रेषित कर दी गई है।

**4. ग्रीष्मावकाश एवं गृहकार्य :** प्रदेश कार्यालय द्वारा सभी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हेतु गृहकार्य का केवल प्रश्न–पत्र भेजा जायेगा और उत्तर–पुस्तिका भैया–बहन बनाकर लायेंगे। जिसका शुल्क व आदेश पत्र भेजा जा चुका है। विद्यालय स्तर पर सभी भैया–बहनों को अनिवार्य रूप से ग्रीष्मावकाश गृहकार्य प्रश्न–पत्र देना है। ग्रीष्मावकाश की निर्धारित तिथि 23 मई से 16 जून, 2022 है।

**5. प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग–2022 :** प्रांतीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण, कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण, प्रधानाचार्य विकास वर्ग प्रशिक्षण, आचार्य स्थायित्व प्रशिक्षण, लेखा प्रशिक्षण, विद्यालयशः श्रेणी C एवं D स्तर के कार्यरत आचार्यों का प्रशिक्षण दिनांक 25 मई से 13 जून तक शिवालय सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। इस हेतु विशेष जानकारी कार्य–निर्देशिका के पृष्ठ संख्या–56 पर अंकित है। प्रशिक्षण संबंधी विशेष सूचना पत्रक बाद में प्रेषित की जाएगी।

## अन्यान्य

1. **बजट/अंकेक्षण :** आर्थिक शुचिता बनी रहे। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय का बजट निर्माण एवं स्थानीय समिति द्वारा पारित हो। एक प्रति अवलोकनार्थ प्रांत को प्रेषित करना। साथ ही प्रत्येक विद्यालय के द्वारा समयानुसार अंकेक्षण कराना अनिवार्य है। सभी प्रकार के आय–व्यय बैंक में जमा हो तथा बैंक द्वारा निकासी के बाद ही व्यय हो, नकद व्यय सर्वथा नहीं हो, ऐसी अपेक्षा है।
2. **समिति गठन :** जिन–जिन विद्यालयों के प्रबंधकारिणी समिति का कार्यकाल पूरा हो गया हो वहाँ तुरंत नई समिति का गठन हो जाए, ऐसा प्रयास हो।
3. **स्वास्थ्य परीक्षण :** प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण हो इसके निमित्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. **उपदान :** उपदान (ग्रेच्युटी) के सभी सदस्य समय से पूर्व अपनी–अपनी राशि प्रांत को प्रेषित करें।
5. **विद्यालय वेश :** विद्यालय में आचार्य, महिला आचार्य एवं भैया–बहन विद्या भारती द्वारा निर्धारित वेश का अनिवार्य रूप से पालन करें।
6. **गतिविधि शुल्क :** प्रदेश निधि को अब हम "**गतिविधि शुल्क**" नाम से जानेंगे।
7. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारी संपत्ति है। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी को भी अद्यतन करें।
8. **शिशु, बाल एवं कन्या भारती का गठन :** भैया–बहनों में दायित्व बोध हो तथा उनका सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हो। इस निमित्त विद्यालय स्तर पर शिशु भारती, बाल भारती, कन्या भारती का गठन हो तथा इसके प्रति सजगता अपेक्षित है।
9. **बाल संसद :** विद्या मंदिर स्तर पर भैया–बहनों की नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु बाल संसद का भी गठन हो।
10. **पाठ्यक्रम :** सत्र 2022–23 हेतु सभी विद्यालयों से आग्रह है कि पाठ्यक्रम हेतु संख्या एवं शुल्क प्रांत को शीघ्रतिशीघ्र प्रेषित करें ताकि ससमय आपके पास पाठ्यक्रम की उपलब्धता हो सके।
11. **दायित्व परिवर्तन :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के श्री गोविन्द चंद मोहंत जी, मा. अखिल भारतीय संगठन मंत्री, श्री अवनीश भटनागर, मा. अखिल भारतीय महामंत्री तथा डॉ. कमल किशोर सिन्हा, अखिल भारतीय मंत्री के दायित्व में हमसब का मार्गदर्शन करेंगे।

**इसी विश्वास व मंगलकामना के साथ-**

**इस पत्रक की दो प्रति भेजी जा रही है, प्रधानाचार्य जी कृपया एक प्रति अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा दूसरी प्रति को अपने आचार्य बंधु–भगिनी के अवलोकनोपरांत इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

***इति शुभम् !***

*भवदीय*

*(मुकेश नंदन)*
*प्रदेश सचिव*